सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-383
30/08/2017

फिल्म अभिनेता आमिर खान, सांसद डॉ0 सी0पी0 ठाकुर, मंत्री श्री कृष्ण कुमार ऋषि, विधान पार्षद श्री कृष्ण कुमार सिंह, पूर्व मंत्री श्री मोनाजिर हसन, पूर्व विधान पार्षद श्री बिनोद कुमार सिंह, पूर्व विधायक डॉ0 इजहार आलम, बेगूसराय मेयर श्री उपेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये दिया अंशदान

पटना 30 अगस्त, 2017 :— फिल्म अभिनेता आमिर खान ने आमिर खान प्रोडक्शन प्रा0 लि0 की तरफ से 25 लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये डाक के माध्यम से भेजा।

आज संकल्प, 1 अणे मार्ग में सांसद डॉ0 सी0पी0 ठाकुर ने मुजफ्फरपुर जिला के बाढ़ प्रभावित साहेबगंज एवं पारू प्रखण्ड के लिये अपने सांसद निधि से 20 लाख रूपये तथा अपनी तरफ से 8,030 रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री कृष्ण कुमार ऋषि ने एक लाख रूपये, विधान पार्षद श्री कृष्ण कुमार सिंह ने अपनी तरफ से ढ़ाई लाख रूपये एवं कुमार ऑर्गेनिक प्रोडक्ट लिमिटेड की तरफ से साढ़े बारह लाख रूपये, पूर्व मंत्री श्री मोनाजिर हसन ने पचास हजार रूपये, पूर्व विधान पार्षद श्री बिनोद कुमार सिंह ने एक लाख रूपये, पूर्व विधायक डॉ0 इजहार आलम ने 51 हजार रूपये, बेगूसराय के मेयर श्री उपेन्द्र सिंह ने एक लाख ग्यारह हजार रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये सभी को धन्यवाद दिया तथा उनके इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय सभी को अपनी संवेदनशीलता प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़—चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

******